Amar Ujala Page No. 05 12.09.2022

अंबेडकर विवि में भी शुरू होगी दाखिले की दौड़

अंबेडकर विश्वविद्यालय में भी इस सप्ताह से दाखिले की दौड़ शुरू होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यहां भी दाखिले की प्रक्रिया के तहत पोर्टल को खोला जाएगा व सीयूईटी के अंकों को दाखिला का आधार बनाया जाएगा। अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली सरकार का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो सीयूईटी में शामिल हो रहा है।

Dainik Jagran (Jagran City) Page No. 04 12.09.2022_1

दाखिले के लिए सोमवार रात से शुरू होगा एयूडी का पोर्टल

जासं, नई दिल्ली: सीयूईटी के माध्यम से स्नातक कोर्स में होने वाले दाखिलों के लिए अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) का पोर्टल सोमवार रात 12 बजे से शुरू हो जाएगा।

अनु सिंह लाठर

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने बताया कि 15 सितंबर को सीयूईटी का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद छात्र दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए छात्र अपने सभी प्रमाण पत्र तैयार रखें। स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन शुल्क समान्य वर्ग के लिए 410 रुपये प्रति कोर्स और आरक्षित वर्ग के लिए 160 रुपये प्रति कोर्स रखा गया है। जबकि स्नातकोत्तर में सामान्य के लिए शुल्क 540 रुपये प्रति कोर्स और आरक्षित वर्ग के लिए 210 रुपये प्रति कोर्स रखा गया है। आवेदन करते समय पोर्टल संबंधी किसी भी तरह की परेशानी होने पर छात्र हेल्पलाइन नंबर 1031 पर काल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

Dainik Jagran (Jagran City) Page No. 04 12.09.2022_2

दाखिले के लिए
सोमवार रात से शुरू
होगा एयूडी का पोर्टल

IV

com